<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 07 नवम्बर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- वाराणसी दौरे पर आ रहे हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। बनारस रेलवे स्टेशन से चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी।
- राष्ट्र गीत वंदे मातरम के एक सौ पचास वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुरु होने वाले राष्ट्रव्यापी स्मरण–उत्सव कार्यक्रम का आज उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री। प्रदेश भर में होंगे विविध कार्यक्रमों के आयोजन।
- महिला विश्व कप दो हजार पचीस की विजेता टीम ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से की मुलाकात। राष्ट्रपति ने दी बधाई। कहा–युवा पीढ़ी के लिए आदर्श बन गई है भारतीय महिला टीम।
- केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी और पंचायती राज राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल ने आगरा में साइंस पार्क और नक्षत्रशाला का किया शिलान्यास।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी दौरे पर आ रहे हैं। वह कल सुबह बनारस–खजुराहो, लखनऊ–सहारनपुर सहित चार वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहेंगे। एक रिपोर्ट

**प्रधानमंत्री कल बनारस–खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके अलावा वह लखनऊ–सहारनपुर, फिरोजपुर–दिल्ली और एर्नाकुलम–बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। बनारस–खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस इस रूट पर सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और मौजूदा समय में चल रही विशेष ट्रेनों की तुलना में लगभग 2 घंटे 40 मिनट की बचत करेगी। यह वंदे भारत एक्सप्रेस देश के सबसे प्रतिष्ठित धार्मिक और सांस्कृतिक स्थानों जैसे वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट और खजुराहो को जोड़ेगी। वहीं, लखनऊ–सहारनपुर वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग 7 घंटे 45 मिनट में यात्रा पूरी करेगी, जिससे यात्रा समय में लगभग 1 घंटे की बचत होगी। इस ट्रेन से लखनऊ, सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, बिजनौर और सहारनपुर के यात्रियों को फायदा पहुंचेगा। मनीष सिंह के साथ प्रेम चन्द्र गुप्ता, आकाशवाणी समाचार वाराणसी।**

प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल बनारस रेलवे स्टेशन पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने रेलवे और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। एक रिपोर्ट–

**प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बनारस रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन परिसर के सुंदरीकरण, सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सुविधाओं और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल से जुड़ी व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारु और व्यवस्थित रखें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।**

प्रधानमंत्री प्लेटफॉर्म पर ही बने मंच से एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उनके आगमन को लेकर लोगों में काफी उत्साह है और उनके भव्य स्वागत की तैयारी की गई है। विभिन्न स्थानों पर लोग पुष्प मालाओं द्वारा प्रधानमंत्री का अभिवादन करेंगे।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के एक सौ पचास वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित होने वाले एक वर्ष के स्मरण–उत्सव का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश में भी विविध कार्यक्रमों के आयोजन होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि वंदे मातरम गीत के एक सौ पचास साल पूरे होने पर इसे उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। भाजपा के लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि प्रदेश के अठारह स्थानों पर सामूहिक वंदे मातरम गायन एवं सभा का आयोजन किया जाएगा।

**प्रदेश के 18 अलग–अलग स्थानों पर 150 कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक वंदे मातरम गायन का एवं सभा का बृहद आयोजन किया जाएगा। 8 से 15 नवंबर 2025 तक सभी हमारे मुख्यालयों पर सामूहिक गान एवं सभा का कार्यक्रम होगा। अभियान के तहत तिरंगा यात्राएं, प्रभात फेरियां, बाइक रैलियां प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जन भागीदारी के साथ निकाली जाएंगी।**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले महीने की पहली तारीख को राष्ट्रीय गीत के एक सौ पचास वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी समारोहों को मंजूरी दी थी।

**********

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान कल शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। इस चरण में राजधानी पटना सहित अठारह जिलों की एक सौ इक्कीस सीटों के लिए मतदान हुआ। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना जिले के बख्तियारपुर में वहीं उपमुख्यमंत्री और तारापुर सीट से भाजपा उम्मीदवार सम्राट चौधरी ने मुंगेर में वोट डाला। भाजपा नेता और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री

नित्यानंद राय और उनकी पत्नी ने हाजीपुर के मतदान केंद्र पर वोट डाला। विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश साहनी ने भी दरभंगा में मतदान किया।

**********

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कल लखनऊ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। इस दौरान बैठक में गोरखपुर से वर्चुअली जुड़े जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूरी तरह से पालन किया जा रहा है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जिले की मतदाता सूची शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित तैयार हो।

**********

आईसीसी क्रिकेट महिला विश्व कप दो हजार पचीस की विजेता भारतीय महिला टीम के सदस्यों ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से राष्ट्रपति भवन में भेंट की। राष्ट्रपति ने टीम को बधाई दी और कहा कि उन्होंने इतिहास रचा है और युवा पीढ़ी के लिए आदर्श बन गई है।

**आप सब सुपरस्टार हैं। युवा पीढी खासकर लडकियां आपसे प्रेरित होकर जीवन में आगे बढना चाहेंगे। आज आप सब शिखर पर हैं। शिखर पर बने रहना बहुत बड़ी चुनौती होती है, लेकिन मुझे विश्वास है कि जिन क्षमताओं के बल पर आप सबने इतिहास लिखा है, उन्हीं क्वालिटीज के बल पर आप भविष्य में भी इंडियन क्रिकेट को शिखर पर बनाए रखेंगे।**

**********

केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी और पंचायती राज राज्य मंत्री प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल ने कल आगरा में उन्तालीस करोड़ बासठ लाख रुपये की लागत से बनने वाले साइंस पार्क और नक्षत्रशाला का शिलान्यास किया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि नक्षत्रशाला के निर्माण से छात्रों को खगोल शास्त्र के रहस्यों को समझने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार और उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय भी उपस्थित थे।

**********

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ, बाइस सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के नागरिकों को लाभ हुआ है। एक रिपोर्ट

**नए जीएसटी सुधार से बुनकरों, किसानों और छोटे व्यवसायों को बड़ी राहत मिल रही है। मुगा सिल्क सहित सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण वस्तुओं पर भी जीएसटी पांच प्रतिशत कर दिया गया है, जो पहले 12 प्रतिशत था। इस सुधार से बुनकर अब बेहतर मार्जिन कमा रहे हैं। पर्यटन क्षेत्र को भी लाभ हो रहा है, क्योंकि सात हजार पांच सौ रुपये तक के होटल कमरे अब पांच प्रतिशत जीएसटी स्लैब के अंतर्गत हैं। इससे कारोबार बढ़ रहे हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। सौम्या शरण और भानु प्रताप सिंह की रपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से जया भारती।**

**********

राष्ट्रीय महिला आयोग ने महिलाओं के विरूद्ध साइबर अपराधों पर देशभर में परामर्श सत्र आयोजित कर अपनी सिफारिशें सरकार को भेज दी हैं। आकाशवाणी समाचार के साथ विशेष बातचीत में आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कहा कि इन परामर्श सत्रों में आयोग को महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधों और अन्य अपराधों पर रोक लगाने के संबंध में सुझाव प्राप्त हुए।

**********

प्रदेश के कई जिलों में पड़ रहे हल्के से लेकर मध्यम कोहरे और तापमान में गिरावट की वजह से ठंड बढ़ने लगी है। मौसम विभाग ने आज से 12 नवंबर तक पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की है। इस दौरान सुबह के समय हल्के से लेकर मध्यम कोहरे का असर बना रहेगा।

**********